आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 01.02.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश किया।
- बजट में नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपये तक की आय पर कर का कोई प्रस्ताव नहीं।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— केन्द्रीय बजट, भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शारदा कॉरिडोर के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**केंद्रीय बजट**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज संसद में केन्द्रीय बजट 2025—26 प्रस्तुत किया। यह एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इसका लक्ष्य विकास में तेजी लाना, समावेशी विकास सुनिश्चित करना, निजी क्षेत्र में निवेश में वृद्धि और देश के मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता बढ़ाना है। एनडीए सरकार का लगातार आठवां बजट पेश करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था सभी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था के विकास की गति और ढांचागत सुधारों ने विश्व का ध्यान देश की ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग भारत के विकास के लिए शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नई कर व्यवस्था के अंतर्गत 12 लाख तक की आय पर कोई कर देय नहीं होगा। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि बजट में विशिष्ट दर आय जैसे पूंजीगत लाभ को छोड़कर एक लाख रूपए प्रतिमाह की औसत आय पर कोई कर देय नहीं होगा। वेतनभोगी करदाताओं के लिए यह सीमा 75 हजार की मानक कटौती के कारण 12 लाख 75 हजार होगी। सभी करदाताओं को फायदा पहुंचाने के लिए सभी श्रेणियों में कर स्लैब और दरों में परिवर्तन करने के प्रस्ताव हैं। नई संरचना के अनुसार चार लाख रूपए तक कोई कर देय नहीं होगा।

**केंद्रीय बजट 2**

वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री धन—धान्य कृषि योजना और विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम की घोषणा की।
बजट में स्रोत पर कर कटौती— टीडीएस की दरों और सीमाओं की संख्या कम करके उसे युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव किया गया है। बजट में औषधि/दवाओं के आयात पर राहत देने का प्रस्ताव किया गया है। विशेष रूप से कैंसर, असाधारण रोगों और अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित रोगियों को राहत देने के लिए 36 जीवन रक्षक औषधियों और दवाओं को बुनियादी सीमा—शुल्क से पूरी तरह छूट प्राप्त दवाओं की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव है। बजट में लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण के लिए निवेश की सीमा ढाई गुणा बढ़ाने और कारोबार सीमा भी दोगुनी करने का प्रस्ताव है।

**प्रधानमंत्री / बजट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्रीय बजट भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है।

**बजट प्रतिक्रया**

संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट को लेकर प्रदेश के लोगों ने सरकार की प्रंशसा करते हुए बजट को काफी बेहतर बताया है।

**बजट मुख्य बिंदु**

आइए अब नजर डालते हैं केंद्रीय बजट के मुख्य बिंदुओं पर.....
अगले वित्तीय वर्ष में राजकोषीय घाटे में चार दशमलव चार प्रतिशत कमी का अनुमान।
दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए छह साल का मिशन शुरू किया जाएगा।
संशोधित ब्याज छूट योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड ऋण सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जाएगी।

सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव।
पहली बार ऋण लेने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के लिए 2 करोड़ रुपये तक के सावधि ऋण का प्रस्ताव।

"मेक इन इंडिया" पहल को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन की स्थापना की जाएगी।
बीमा क्षेत्र के लिए एफडीआई सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत की जाएगी।
ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी।
शहरी श्रमिकों के सामाजिक–आर्थिक उत्थान के लिए नई योजना की घोषणा। रेहड़ी–पटरी वालों के लिए पीएम स्वनिधि योजना को नया रूप दिया जाएगा।
राज्यों के साथ साझेदारी में शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों का विकास किया जाएगा।
120 नए गंतव्यों तक कनेक्टिविटी के लिए उड़ान योजना शुरू की जाएगी।

## मुख्यमंत्री बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शारदा कॉरिडोर के कार्यों में तेजी लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन से शारदा कॉरिडोर परियोजना के संबंध में बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए जल्द ही भूमि का संयुक्त सर्वे किए जाने को कहा। उन्होंने शारदा कॉरिडोर क्षेत्र में भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र का अध्ययन कर उनके सुरक्षात्मक उपायों पर कार्य किए जाने के भी निर्देश दिए।

## 38वें राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने आज महिला और पुरुष वर्ग की बैडमिंटन टीम चैंपियनशिनप में रजत पदक हासिल किया है। पुरुषों की टीम को फाइनल मुकाबले में कर्नाटक से हार का सामना करना पड़ा, जबकि महिलाओं की टीम को हरियाणा ने पराजित किया। इसके साथ ही उत्तराखंड एक स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में चौदहवें स्थान पर है।

## आपदा प्रभावित विस्थापन

चमोली जिले में आपदा प्रभावित परिवारों के विस्थापन और पुनर्वास को लेकर आज जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक हुई। बैठक में जिले के सरपाणी, लिगंडी और थराली नगर पंचायत के अंतर्गत आपदा प्रभावित 17 परिवारों के विस्थापन और पुनर्वास के लिए लगभग 72 लाख धनराशि का प्रस्ताव स्वीकृति के लिए शासन को प्रेषित करने की सहमति दी गई। जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारी को प्रभावित परिवार के पुनर्वास वाले स्थानों पर मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## तेल कलश–गाडू घड़ा

बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया के दूसरे दिन आज डिम्मर गांव के लक्ष्मी नारायण मंदिर से तेल कलश– गाडू घड़ा पूजा–अर्चना के बाद ऋषिकेश के लिए रवाना हुआ। गाडू घड़ा कल ऋषिकेश से सुबह प्रस्थान कर राजमहल नरेंद्र नगर पहुंचेगा। कल वसंत पंचमी के दिन राजमहल में बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की जाएगी। गौरतलब है कि गाडू घड़े में सवा पांच किलो तिलों का तेल रहता है, जिसे टिहरी की रानी और राज परिवार से जुड़ी सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने हाथों से पिरोया जाता है। इसे बदरीनाथ जी के विग्रह पर श्रृंगार के समय कपाट खुलने से लेकर कपाट बंद होने तक प्रतिदिन मला जाता है।